मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 11036 / डब्लू–52 / 107 दिनांक 05-09-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के दिनांक 01.09.2026 के संस्करण में प्रकाशित "जल जीवन मिशन के तहत खोदकर छोड़ीः किशौरा–जलिहापुर मार्ग पर जगह–जगह गहरे गड्डे, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के दिनांक 01.09.2026 के संस्करण में प्रकाशित "जल जीवन मिशन के तहत खोदकर छोड़ीः किशौरा–जलिहापुर मार्ग पर जगह–जगह गहरे गड्डे, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि अवगत कराना है कि किशौरा–जलिहापुर मार्ग पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य लगभग 01 माह पूर्व कराया गया है। पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त कतिपय स्थानों पर पाइप लाइन की ज्वाइंटिंग तथा स्लूश वाल्व चेम्बर का निर्माण कार्य अवशेष है। उक्त अवशेष कार्य विगत कई दिनों से लगातार वर्षा होने के कारण अपेक्षित रूप से संपादित नहीं हो सका है। पाइप लाइन बिछाने हेतु जिन स्थानों पर सड़क की खुदाई की गई थी, वहां पाइप लाइन की हाइड्रो टेस्टिंग एवं अन्य अवशेष कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सड़क का स्थायी पुनर्स्थापन किया जाना है।

अतः हाइड्रो टेस्टिंग से पूर्व वाहनों के सुगम आवागमन हेतु खुदाई वाले स्थानों को कार्यदायी संस्था द्वारा अस्थायी रूप से मोटरेबल कराया गया था। तथापि, लगातार वर्षा के कारण कतिपय स्थानों पर उक्त सड़क की सतह धंसने से मार्ग पुनः प्रभावित हुआ है। इस संबंध में कार्यदायी संस्था को अवशेष पाइप लाइन ज्वाइंटिंग एवं स्लूश वाल्व चेम्बर के निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि सड़क पर किसी भी प्रकार का गड्ढा अथवा असमतलता शेष न रहे तथा आवागमन पूर्णतः सुगम एवं सुरक्षित बना रहे। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि तत्काल पाइप लाइन की हाइड्रो टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए सड़क का स्थायी पुनर्स्थापन मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक 01 सप्ताह के अंदर कराया जाना सुनिश्चित करें।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / डब्लू–52 / दिनांक..........................

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी, कानपुर देहात।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर

दिनांकः— 01 / 09 / 2026

# जल जीवन मिशन के तहत सड़क खोदकर छोड़ी:किशौरा-जलिहापुर मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, मरम्मत न होने से आवागमन बाधित





कानपुर देहात के मकनियापुर में किशौरा-जलिहापुर मार्ग से गांव को जोड़ने वाली सड़क के किनारे जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई गई है। पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की उचित मरम्मत नहीं की। इसके कारण सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और मलबा पड़ा हुआ है।

सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बाइक सवारों के लिए यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में कीचड़ और फिसलन के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत नहीं की है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और आवागमन को सुचारु बनाने की मांग की है।